RAF SECTOR
NEWS CLIP
22/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pioneer,Nuh (HR)

आरएएफ के जवानों ने पिनगवां का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा, नूंह

बुधवार को आरएएफ के जवानों ने पिनगवां पहुंच कर स्थानीय पुलिस का सहयोग लेकर इलाके का दौरा किया और किसी भी प्रकार के दंगे के बारे में जानकारी साझा की। आरएएफ बटालियन के जवानों का ये अभियान आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार मीणा त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट हरैती राम मीणा, इंस्पेक्टर मेहर सिंह की मौजूदगी में चलाया गया।

आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार ने बताया कि बटालियन किसी भी प्रकार के दंगे पर नियंत्रण पाने के लिए 24 घंटे तैयार रहती है। उन्होंने बताया कि बटालियन की टीम लगातार मेवात जिले के सभी थानों का दौरा कर रही है और थाना प्रभारियों से मिलकर किसी भी आपातकाल में बटालियन द्वारा पूर्ण सहयोग देने के बारे में बताया जा रहा है। स्थानीय पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का दंगा काबू ना होने की स्थिति में बटालियन टीम मोर्चा संभाल कर दंगे पर काबू पा सकती है। डिप्टी कमांडेंट अजय ने कहा कि इलाके के लोग अमन शांति से रह सकें, इसके लिए आरएएफ के अधिकारियों द्वारा स्थानीय पुलिस को पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

Prabhat Khabar,Bokaro(JKD)

चुनाव को ले चास पुलिस व रैफ का फ्लैग मार्च

चास. विधानसभा चुनाव को ले चास थाना पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स के 106 बटालियन जमशेदपुर के जवानों ने गुरुवार को चास में फ्लैग मार्च किया. नेतृत्व चास एसडीपीओ भगवान दास व चास थाना प्रभारी चुनमुन सिंह ने किया. साथ में रैफ के उपकमांडेंट राकेश कुमार भी थे. एसडीपीओ ने कहा कि फ्लैग मार्च विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर किया गया. फ्लैग मार्च अंसारी मोहल्ला होते हुए गोश नगर, भर्रा, चीराचास, नवीन को-ऑपरेटिव कॉलोनी पहुंची. वहां से तलगड़िया होते हुए पुनः चास थाना पहुंची. बताया गया कि फ्लैग मार्च निकालकर मतदाताओं को निर्भीक और शांतिपूर्ण व स्वच्छ वातावरण में मतदान के लिए प्रेरित किया गया. रैप 106 बटालियन द्रुत कार्य बल के जवान पूरे साजो-सामान के साथ फ्लैग मार्च में शामिल थे. थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि हम आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं. किसी के बहकावे में ना आये और ना ही किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान दें. निर्भीक होकर मतदान करें.

फ्लैग मार्च में शामिल एसडीपीओ व चास थानेदार.

Hindustan, Ranchi(JKD)

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रांची। रांची पुलिस ने गुरुवार को सुखदेव नगर इलाके में फ्लैग मार्च किया। कोतवाली डीएसपी अजीत कुमार विमल ने चुनाव को देखते हुए लोगों को जागरूक भी किया।

डीएसपी ने लोगों से वोट डालने की अपील की और उनसे कहा कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मतदाताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसका समुचित प्रबंध है। चुनाव के दिन सिटी कंट्रोल से एक एक लोगों पर नजर रखने की व्यवस्था की गई है। डीएसपी ने बताया कि चुनाव तक हर दिन अलग अलग इलाकों में पुलिस फ्लैग मार्च करेगी। (वसं)

सुखदेवनगर इलाके में फ्लैग मार्च करती रांची पुलिस की टीम। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया गया। • हिन्दुस्तान

Sandesh, (Gujarat)

નડિયાદમાં પોલીસ, આર.એ.એફ.ની ફ્લેગમાર્ચ યોજાઈ

ખેડા, નડિયાદ : નડિયાદ શહેરના ટાઉન વિસ્તારમાં આવેલ સંવેદનશીલ વિસ્તારમાં આજે શહેર ટાઉન પોલીસ અને આર.એ.એફ.ની ટીમ દ્વારા ફુટ પેટ્રોલિંગ હાથ ધરાયું હતું. શહેરમાં કાયદો અને વ્યવસ્થાના ભાગરૂપે આજરોજ આર.એ.એફ.ની ટીમ નડિયાદ શહેરમાં ઉપસ્થિત રહી હતી. જેમાં નડિયાદ શહેરના ટાઉન વિસ્તારમાં પી.આઈ.બી.જી.પરમાર, પીએસઆઈ સહિત આર.એ.એફ. કંપનીની ટીમે શહેરના ચકલાસી ભાગોળ, સલુણ બજાર પોલીસ ચોકી સહિતના સંવેદનશીલ વિસ્તારની મુલાકાત લીધી હતી.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।